## संक्षिप्त

### कलवानिया का अभिनंदन

**शाहपुरा।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त होने के बाद पैतृक गांव कलवानियो का बास पहुंचने पर ग्रामीणों ने एडवोकेट संदीप कलवानिया का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रदेश प्रवक्ता संदीप कलवानिया को ज्ञापन देकर अवगत करवाया कि कलवानियों का बास व त्रिलोकपुरा गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल के लिए उच्च जलाशय टंकी व पाइपलाइन का काम पूरा होने के बावजूद घर-घर नल कनेक्शन में पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने कलवानिया को विभिन्न जन समस्याओं से अवगत करवा कर उचित मंच तक ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी पहुंचा कर समाधान का प्रयास करने की अपील की। प्रदेश प्रवक्ता कलवानिया ने कहा कि विभिन्न प्रकार की जन समस्याओं की जानकारी सक्षम अधिकारी तक पहुंचाकर समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक कलवानिया, मुरलीधर जाट, महादेव कलवानिया, भानाराम कलवानिया, बीरबल कलवानिया, राम गोपाल शर्मा, मूलचंद सैनी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### ध्वजा रैली निकाली

**राजगढ़।** सनातन रक्षा दल जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा एवं महिला कार्यकारिणी की ओर से शनिवार को स्टेशन मार्ग स्थित अवधूत दत्त आश्रम से गणेश पोल मंदिर तक ध्वजा रैली निकाली गई। ध्वजारोहण शोभा यात्रा में महिलाओं ने सनातन के प्रचार प्रसार को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये। सनातन कार्यकारिणी से जुड़ी प्रीति विजय ने बताया कि धार्मिक आस्था के अवधूत दत्त आश्रम से सनातन के पक्ष में ध्वजा दिल्ली का आगाज किया गया। रैली कस्बे के सराय बाजार, गोले मार्केट, चौपड़ बाजार होती हुई गणेशपोल स्थित गणेश मंदिर पहुंची। इस दौरान प्रमुख मार्गो में धर्म प्रेमी लोगों की ओर से महिलाओं की ओर से निकली गई रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गणेश पोल मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राहुल शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, त्रिलोक, नीरज मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति विजय, राजेश्वरी शर्मा, वंदना शर्मा, रश्मि विजय, पदमा गोयल, मीना विजय, कृष्ण अग्रवाल, सुशील शर्मा, सुशील सैनी, गुलाब, चंद्रकांता विजय, एवं भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### लाखों के जेवर व नगदी चोरी

**मालपुरा** (निस) मालपुरा शहर के अजमेर रोड उपकारागृह के पास शुक्रवार की रात शातिर चोरो ने सुने मकान के ताले तोड चुरा ले गये सोने-चांदी के आभुषण व दो लाख रूपये की नगदी। पिडित वनरक्षक रामबाबू शर्मा ने बताया कि परिवारजन सामाजिक कार्य से बाहर गये हुये थे। शुक्रवार की शाम मकान के ताले लगा वो ड्यूटी पर चला गया। शनिवार की सवेरे जब घर लोटा तो मकान व कमरे मे अलमारियो के ताले टूटे मिले व सामान व बिखरा मिला। सुचना पर पहुंची मालपुरा थाना पुलिस के समक्ष की गई पडताल मे रामबाबू शर्मा ने अलमारियो मे रखी सोने-चांदी के आभुषण व दो लाख रूपये की नगदी चोरी होने की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू की। वही लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने दौराने गश्त कालीहर्डियां मोड के पास अवैध एक नाली टोपीदार बंदुक लेकर घुम रहै रंगलाल बावरी को गिरफ्तार किया।

### जुआं खेलते पांच व्यक्ति गिरफ्तार


**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र भाटी के सुपरविजन में डीएसटी ओर पुरानी टोंक पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए पुरानी टोंक थाना क्षेत्र स्थित नायकों के मोहल्ले छावनी में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआं राशि 10 हजार बरामद किया है।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# सामोद के वीर हनुमान मन्दिर में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**चौमूं / कालाडेरा।** चौमू उपखण्ड के सामोद पर्वत पर स्थित वीर हनुमान धाम व कालाडेरा कस्बे में स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में शनिवार को हनुमान जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। सामोद पर्वत पर विराजे वीर हनुमान थाम पर मेला अपने परवान पर रहा पर्वत पर आने वाले हर मार्ग पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार दिखाई दी।

मन्दिर मार्ग पर श्रद्धालुओं के द्वारा वीर हनुमान जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा। हनुमान जी के दर्शनों के लिए श्रद्धालु बेफ़िक्र सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर वीर हनुमान थाम पहुंचकर अपनी मन्नतों का नारियल लेकर पहुंचे भक्तों को न पैर में छालों की परवाह न शरीर में थकान का असर, मन में हनुमान के दर्शन की चाह व मुख पर हनुमान के जयकारों और हवा में लहरती लाल ध्वजाएँ, हनुमान धाम पर्वत पर ऐसा ही नजारा दिखाई दे रहा था। हनुमान जयंती के मेले में श्रद्धालुओं ने हनुमानजी के दरबार में धोक लगाई। प्रवेश द्वार से लाइनों में लगे श्रद्धालु हनुमान जी के जयकारे करते हुये मन्दिर की तरफ बढ़ रहे थे। श्रद्धालुओं के लिए सुबह 4 बजे मंदिर के पट खोले गए। इस मेले में छोटे बच्चे, पुरुष व महिलाएँ भी पूरे जोश और उमंग के साथ बाबा के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे। इस अवसर पर महन्त



**हनुमान जन्मोत्सव पर सामोद वीर हनुमानजी के दर्शनों के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़। 1300 सीढ़ियां भी भक्तों से फुल हो गई तो पहाड़ी के पथरीले रास्ते से भक्त मंदिर पहुंचे।**

■ **हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**

जगत गुरु अवध बिहारी देवाचार्य के सानिध्य में पंचामृत अभिषेक किया गया। उसके पश्चात नई पोषाक धारण करवाने के बाद श्रृंगार पुष्पहारों से किया गया। साथ ही विद्युत लाइट की रोशनी सजाई गई। सुन्दरकांड पाठ, हवन का कार्यकम आयोजित किया गया। इसके पश्चात भोग आरती व प्रसाद वितरण किया गया। इस दिन शक्ति के देवता वायु पुत्र श्री वीर हनुमानजी अपने भक्तों के कष्टों को दूर करते हैं। बीच-बीच में मन्दिर प्रांगण में पवन सुत हनुमान व बजरंगबली के नारों से गुंजायमान हो रहे थे। साथ ही कालाडेरा कस्बे में स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में वीर हनुमान जी की भव्य झांकी सजाई गई साथ ही हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाली गयी। कालाडेरा कस्बे के पंचमुखी हनुमान मन्दिर पर पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने पहुंचकर बाबा के दर्शन किए।

### दो डम्पर व दो ट्रैक्टर-ट्रोली जप्त

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान अवैध बजरी का परिवहन व खनन की रोकथाम हेतु वृताधिकारी निवाई मृत्युन्जय मिश्रा एवं थानाधिकारी रामजीलाल के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवही करते हुए दौराने गश्तएवं मुखबीर की सूचना पर ग्राम झिलाय से कस्बा निवाई रास्ते पर एक डम्पर को अवैध बजरी से भरे हुए को जप्त किया तथा वही झिलाय पुलिया के पास नाकाबन्दी के दौरान एक डम्पर मय अवैध बजरी भरे हुये का जप्त किया है। चालक के खिलाफ बीएनएस व एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार थाना दूनी थानाधिकारी हेमन्त जनागल के नेतृत्व में गठित टीम ने भगवानपुरा गांव के पास अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते दो ट्रेक्टर'ट्रोली जप्त किया गया, चालको के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# जनता से रूबरू मिलकर समस्याओं का निदान कराना यात्रा का उद्देश्य रहेगा : भूपेंद्र

■ **अलवर ग्रामीण विधानसभा की पंचायत पृथ्वीपुरा के हनुमान मंदिर में पूजा कर सांसद संपर्क संवाद यात्रा का किया शुभारम्भ।**

■ **राज्य मंत्री संजय शर्मा, जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी यात्रा मैं साथ रहे।**

**अलवर।** सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर लोकसभा क्षेत्र में अभिनव पहल कर विधानसभा अलवर ग्रामीण की पंचायत पृथ्वीपुरा के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर सांसद संपर्क संवाद यात्रा की शुरुआत की।

इस दौरान वन राज्य मंत्री संजय शर्मा, जिला प्रमुख, विधानसभा प्रत्याशी जयराम जाटव, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा ने विकास कार्यों का लोकार्पण और उद्घाटन किए व युवाओं से खेल उत्सव के अनुभव भी सांझा किए गए। केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि हनुमान जयंती के पावन अवसर पर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में अपने संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव पर पहुंचकर आमजन से रूबरू होकर न केवल उनकी समस्याओं निदान करना बल्कि विकास कार्यो को गति प्रदान करने का उदेश्य है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर के व्यक्ति को मिले इसके लिए इस कार्यक्रम में उनकी जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है और उन्हें आगे बढ़ाने में अवसर प्रदान करना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन निरन्तर कराया जावेगा। युवाओं को डिजिटल शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के उदेश्य से अलवर संसदीय क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत में खुलवाने का उनका प्रयास है और इस पर तेजी से काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार की अटल टिंकरिंग लैब योजना को जिलें में प्रभावी रूप से लागू कराया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री यादव ने 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' के प्रत्येक गांव के निवासियों को 11-11 पौधे भेंट कर कहा कि इन पौधों के साथ ग्रामवासी अपने तरफ से 111 और पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौधशाला बनाई जा रही है इसलिए नरेगा से दो श्रमिक भी उपलब्ध कराए जा रहे है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड मां के नाम अभियान को मां व धरती मां के प्रति अपनी कृतघ्यता प्रकट करने का अभियान बताते हुए सभी को अपनी मां के नाम एक पेड लगाने का संकल्प लेने का आव्हान किया।

# विराट कवि सम्मेलन में राजनेता व देश के हालातों को लेकर रातभर चले कवियों के काव्य बाण

**मालपुरा** (निस) साहित्या लोक संस्थान मालपुरा द्वारा शुक्रवार की रात शहर के विजयवर्गीय सेवा सदन मे विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन व रतन लाल सोनी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लित कर कवि सम्मेलन का शुभारम्भ करते हुये सरस्वती के पुत्रो को सौंपा काव्य मंच।

अन्तर्राष्ट्रीय कवियत्री डॉ. कीर्ति काले ने कितने ही प्रतिबंध लगा लो हम भारत के वासी है किसमें हिम्मत है जो अब विकसित भारत को धमकायें मुम्बई का मुजरिम हम अमेरिका से खेंच लाये काव्य पाठ करते हुये विश्व मे केन्द्र की मोदी सरकार के नेतृत्व मे बढ रहै भारत के मान व सम्मान पर काव्य पाठ किया।

वही अन्तर्राष्ट्रीय कवि प्रोफेसर व पूर्व सांसद ओमपाल सिंह निडर ने ओझ का काव्य पाठ करते हुये उठो साथियों निज धर्म बिक न जाये बहनो जगो निज शर्म बिक न जायें यही आरजू है मेरी सरस्वती के पुत्रो से की सब कुछ बिके पर कलम बिक न जायें व रावण के पुतलो को मारने से क्या मिलेगा भारत मे बैठे हुये रावणो के मारिये जैसा काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

श्रंगार के कवि आरएल दीपक ने बाबूल का घर छुटेगा ही अपने प्रितम को जो पाना है कवि जयनारायण जय ने देखो रे भाई मोबाईल की या छोरा-छोरिया ने कसी लागी बिमारी,, कवि महबूब अली महबूब ने कब मिलेगी नजर हमसे जिन्दगी की परिंदे भी अब ठिकाना चाहते है,, सहित राजस्थानी कवि सोहन चौधरी, कवि नानक नवीन, कवि पवन पारस व कविता विष्णु दाधिच ने भी काव्य पाठ करते हुये श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। रात्री नो बजे से सुबह चार बजे तक चले कवि सम्मेलन मे कवियों ने राजनेता व देश के हालातो को लेकर चलाये काव्य के बाण,,, कवि आरएल दीपक ने कवि सम्मेलन का मंच संचालन किया।




**मालपुरा में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में कवियों ने काव्य पाठ किया।**

### कुश्ती में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के निकट आस्था के प्रतीक श्री पोलादास बालाजी के मेले का आयोजन शनिवार को किया गया। श्री पोलादास मंदिर पुजारी श्रवण स्वामी ने बताया कि शुक्रवार रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। दोपहर से इनामी कुश्तियां हुई। रात्रि में जयपुर व अलवर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजनों का कार्यक्रम व झांकियों का आयोजन किया गया। बाबा का भव्य श्रृंगार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। स्वामी ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता दोपहर 2.15 बजे से शुरू की गई, जो शाम तक पूर्ण हुई। इसमें 51 रुपए से 71सौ रुपये तक की कुश्ती खेली। कुश्ती पीटीआई सतवीर समोटा ने बताया कि 7100 वाली कुश्ती कल्याणपुरा केहेतराम ने जीती है। स्वामी ने बताया कि मंदिर में हजारों भक्तों ने बालाजी के दर्शन कर मन्नत मांगी। शाम को जयपुर व अलवर के कलाकारों द्वारा झांकियां निकाली गई। इस दौरान जीवंत झांकियों में बने हनुमान जी ने जन्मोत्सव पर विशेष झांकियां का आयोजन किया गया। श्री पोलदास बालाजी मन्दिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष पर मेला 12 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया गया है। कमेटी के मंत्री भगवान सहाय सहाय सैनी ने बताया कि मेले का शुभारंभ सुबह 11.15 बजे किया गया। पोलदास जी बालाजी के मेले में श्रद्धालुओं के लिए झूले और चकरी व बच्चों के लिए अन्य मनोरंजन के साधनों की व्यवस्था की गई है।

# 18 लाख 15 हजार एक सौ गणेश मंत्र की दी यजमानों ने महायज्ञ में आहुति



**मनोहरपुर कस्बे के समीप नवलपुरा बालाजी धाम में महायज्ञ का आयोजन किया गया।**

**मनोहरपुर।** मनोहरपुर कस्बे के समीप नवलपुरा बालाजी धाम में चल रहे श्री श्री 1008 श्री प्रहलाद दास महाराज एंव खोरी श्री परमानंद धाम के श्री हरिओम दास महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री सुमेरदास दास महाराज के सानिध्य एंव महायज्ञ के आचार्य वैदिक भूषण पण्डित अम्बिकेश शास्त्री के आचार्यत्व में नवदिवसीय 21 कुण्डात्मक श्री सीताराम महायज्ञ के सप्तम दिवस शनिवार तक 18 लाख 15 हजार एक सौ पुरुषसूक्त ,राममंत्र की आहुति यजमानो से दिलवाई गयी।

महायज्ञ के आचार्य अम्बिकेश शास्त्री ने बताया कि प्रतिदिन की भांति यजमानो से विधिवत पूजन अर्चन मण्डप पूजन आवाहित देवताओं पूजन करवाकर महायज्ञ में आहुति दी है। यज्ञ मण्डप में आचार्य पण्डित अम्बिकेश शास्त्री नाथावाला ने कहा कि यत्र नारी पूज्यते तत्र देवता रमन्ते आथार्त जिस घर परिवार में नारी की पूजा प्रेम होता है वहा देवता निवास करते है उस परिवार में धन धान्य सुख सम्पति बनी रहती है। महायज्ञ के ब्रह्मा पण्डित पवन टीलावत ने कहा कि जब जब भगवान हरि ने अवतार लिया तब भक्तों का उद्धार हुआ। पण्डित अशोक शर्मा ने कहा कि सभी जो व्यक्ति भक्ति भाव से प्रभु का स्मरण करता है तो दैवीय शक्ति उसकी सहायता करती है। महायज्ञ में उपाचार्य पण्डित केदार शर्मा,सहायक उपाचार्य राजेश शर्मा धानोता,मिथलेश शर्मा साईंवाड,ने बताया कि गणेश मन्त्र, दुर्गा मन्त्र, शिवमंत्र, पुरुषसूक्त, राममंत्र एंव श्रीसूक्त से प्रतिदिन यजमानो से स्वहाकर आहुति के साथ यजमानो को बताया गया कि जो आपको यज्ञ मण्डप मे जो आहुति देवताओं को दे रहे है।

### सैनी को महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान मिला

**शाहपुरा।** क्षेत्र के भाजपा ओबीसी नेता गुड्डू सैनी को महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान द्वारा विद्याधर नगर (जयपुर) में आयोजित राज्य स्तरीय महात्मा फूले जयंती समारोह में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के विचारों को जन जन तक पहुंचा कर सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार, समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने जैसे उत्कृष्ट कार्य करने पर महात्मा ज्योतिबा फुले सम्मान (अवॉर्ड) से सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, प्रतिपक्ष नेता टिका राम जूली, विधायक भगवाना राम, भागचंद सैनी,श्रीमती शोभारानी कुशवाह मौजूद थी।

संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अनुभव चंदेल, प्रदेश महामंत्री पूनम कच्छवाह ने माला व साफा पहनाया और शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र दिया।

महात्मा फुले अवार्ड मिलने पर नगर परिषद सभा पति बंशीधर सैनी, पूर्व प्रधान मंजू सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी, पूर्व पार्षद राधेश्याम सैनी, ट्रक यूनियन के ईश्वर लाल सैनी, सुरेश चंद सैनी, श्यामा सुंदर सैनी, गंगाराम सैनी सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## सार-समाचार

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**नारायणपुर।** नारायणपुर पुलिस ने मोबाइल टावरों में चोरी और आगजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शनिवार को थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने प्रेस वार्ता में बताया कि 3 मार्च को अजबपुरा में स्थित जिओ टावर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी और आगजनी की घटना हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाना नारायणपुर में दर्ज की गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा अनुसंधान शुरू किया गया। सीडीआर, बीटीएस और साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से आरोपियों की तलाश की गई, लेकिन प्रारंभिक जांच में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया। बाद में नीमराना और शाहजहांपुर थानों में दर्ज अन्य मामलों की कड़ियों को जोड़ते हुए आरोपियों की पहचान कर ली गई। पुलिस ने केंद्र कारागार अलवर से तीन आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गहन पूछताछ की, जिसमें उन्होंने टावर में चोरी और आग लगाने की वारदात कबूल की। गिरफ्तार आरोपियों में सोहन सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी बाईकाबास थाना कालाडेरा जिला जयपुर, आलोक सोनिया बलाई पुत्र ज्ञानचंद निवासी झोठवाड़ा थाना करधनी जयपुर और रविराज सिंह उर्फ़ धाकड़ उर्फ़ मोटू पुत्र तेजसिंह निवासी सरवरपुरा थाना धरनावदा जिला गुना मध्यप्रदेश हाल निवासी श्यामनगर जयपुर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को तीन दिन के पीसी रिमांड पर लिया है और उनसे घटना से जुड़े अन्य तथ्यों और साक्ष्यों के संबंध में पूछताछ जारी है।

### भव्य कलश यात्रा निकाली

**राजगढ़।** जन-जन की आस्था के आराध्य देव हनुमान मंदिर शेखा की बगीची की ओर से हनुमान जयंती पर भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा शनिवार को निकाली गई। श्री राम दरबार सहित अन्य मनमोहक झाकियों के साथ कस्बे के गणेश पोल मंदिर से शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ प्रारंभ हुई। हनुमान मंदिर के महंत बाल संत नवलदास महाराज के नेतृत्व में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलश यात्रा का कस्बे के मचाड़ी चौक, स्टेशन मार्ग, मेला चौराहा एवं गंगा बाग क्षेत्र में पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। प्रमुख मार्गो में शोभायात्रा के दौरान प्रसाद वितरित किया गया। इसी के साथ हनुमान मंदिर पर आयोजित पंचकुंडीय श्री राम महायज्ञ एवं राम कथा का श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण माहौल में समापन हो गया। हनुमान मंदिर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। इधर गोल मार्केट हनुमान मंदिर पर पंडित उदयभान शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर पर सजावट एवं रोशनी प्रमुख आकर्षण रहे।

### जेल प्रहरी परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**टोंक।** जिले में जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा शनिवार को शांति पूर्वक संपन्न हुई, जो परीक्षा दो पारियों में हुई। पहली पारी में 77.63 प्रतिशत तथा दूसरी पारी में 77.99 प्रतिशत परिक्षाथियो ने अपना भाग्य अजमाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली पारी में रजिस्टर्ड 8 हजार 16 में से 6 हजार 223 ने परीक्षा दी है तथा एक हजार 793 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पारियों की परीक्षा जिला मुख्यालय समेत निवाई में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक और पारदर्शिता से हो गई है। परीक्षा समन्वयक एवं अति. जिला कलेक्टर राम रतन सौंकरिया ने बताया परीक्षा का आयोजन दो पारियों में किया गया, इसके लिए जिला मुख्यालय पर 17 व निवाई में 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसको लेकर 563 वीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षा के दौरान परिक्षार्थियों की गहन जांच करने के बाद ही प्रवेश दिया गया, तथा परिक्षार्थियों के लिए रोडवेज में यात्रा निशुल्क रही।

### हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**टोंक।** हनुमान जन्मोत्सव के दौरान जिले भर में शोभायात्राये निकाली गई तथा सर्व समाज ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत। इसी क्रम में देवली में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जहां बावड़ी बालाजी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। शोभायात्रा में अखाड़ों और महाकाल की झांकी ने सबका मन मोह लिया तथा सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए ममता सर्किल स्थित जामा मस्जिद के बाहर मुस्लिम समाज के लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान शुक्रवार की रात भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें अनेक गायक कलाकारो ने भजनों की प्रस्तुति दी।

### कलश यात्रा निकाली

**मालपुरा** (निस) तेजाजी मंदिर विकास समिति बृजलाल नगर के तत्वाधान मे आयोजित तीन दिवसीय तेजाजी महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शनिवार को शुभारम्भ हुआ। धर्म ध्वज की पूजा अर्चना कर 251 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर निकाली भव्य कलश यात्रा। बसंत विहार कॉलोनी जय हनुमान मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा तेजाजी मंदिर पहुंची। प्रधान कलश के पूर्ण्याजक मुख्य यजमान जगदीश सैनी भास्कर रहै। रामअवतार सैनी,शंकर बाबर व बबलू सैनी ने धर्म ध्वजा उठाने का सोभाग्य प्राप्त किया। तीन दिवसीय तेजाजी महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अन्तर्गत होगें विभिन्न अनुष्ठा। वही चैत्र पूर्णिमा पर डिग्गी मे उमडे सनातन धर्म के लोगो ने डिग्गी कल्याणजी के दरबार मे लम्बी कतारो में लग मनमोहक झांकी के दर्शन किये।

### अवैध बन्दूक सहित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** विशेष अभियान के दौरान पुलिस थाना लाम्बाहरिसिंह ने अवैध एक नाली टोपीदार बन्दूक जप्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजकुमार ने बताया कि थाने की गठीत टीम ने गत 12 अप्रेल को ग्राम कालिहर्डिया मोड के पास से अवैध रूप से एक नाली टोपीदार बन्दूक लेकर घुमते हुये आरोपी रंगलाल बावरी पुत्र देवा बावरी जाति बावरी (मोग्या) उम्र 47 साल निवासी ग्राम कालिहर्डिया थाना लाम्बाहरिसिंह को अवैध बन्दूक सहित गिरफ्तार किया जाकर उसके खिलाफ थाना में आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### मंदिरों में हुई विशेष पूजा अर्चना

**मालपुरा** (निस) मर्यादा पुरूषोतम श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज की जन्म जयन्ती को हनुमान जयन्ती के रूप मे मनाया गया। मालपुरा शहर के पुरानी तहसील बारादरी बालाजी, चमत्कारेश्वर बालाजी,घाणा के बालाजी,नसियां के बालाजी सहित नई नगरी बालाजी मंदिर मे फुल बंगला झांकियां सजाई गई। हनुमान चालीसा व सुन्दरकाण्ड का संगीतमय चौपाईयो के साथ हुआ आयोजन। धार्मिक अनुष्ठान व मंत्रोच्चारण से हनुमान जी महाराज की कि गई विशेष पूजा अर्चना। नाना प्रकार के व्यंजन व फलाहार की सजाई गई झांकियां। घाणा के बालाजी मंदिर मे भण्डारे का आयोजन हुआ। सांयकाल 108 दीपकों से हनुमानजी की महाआरती की।

**नाम परिवर्तन**

मैं राजकमल शर्मा आर्मी नं. (15621125P) रैंक-L HAV, 11 गार्डस 56 APO, मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम राधादेवी व उनकी जन्म तिथी 01.07.1966 दर्ज है, जबकि दस्तावेजों में राधा देवी शर्मा व जन्म तिथि 01.01.1968 जो कि सहि व वास्तविक है, सहि नाम व जन्म तिथि दर्ज करे। राजकमल शर्मा पुत्र श्री मदनलाल शर्मा निवासी हाथोज जयपुर राज.

मैं सुनीता राज कुमार लखानी विवाह के पश्चात अपना नाम बदलक कर सुनीता कल्याणी रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। सुनीता कल्याणी पत्नी योगेश कल्याणी 64/415, सैक्टर 6, श्योपुर रोड़, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033

मेरे नाम की Spelling Bhoodev Prasad है जबकि मेरे पुत्र Vansh Sharma की T.C. में मेरे नाम की Spelling Bhudev Prasad कर दिया है भविष्य में मेरे नाम की Spelling Vansh Sharma S/o Bhoodev Prasad के नाम से जाना जाए। 9785566300

I, RATHORE ENDAR KANWAR M mother of NUMBER 4581185L RANK L/HAV NAME RATHORE BHAVANI SINGH presently residing at 131, HANUMAN VATIKA-A, GOKULPURA, JHOTWARA, JAIPUR, RAJ- 302012 have changed my Name from RATHORE ENDAR KANWAR M (Old Name) to INDRA KANWAR (New Name) vide Affidavit dated 11.04.2025 before Notary, Govt of India, RAJ.

**IN THE COURT OF SH. HEM SINGH, LD. DJ-01, EAST, KKD, COURTS DELHI**
**PC NO. 28/2020**
P1 SH. MAHESH KUMAR SHARMA S/o LATE SH. R.D. SHARMA R/O FLAT NO. 142, VIGYAPANLOK APARTMENTS, MAYUR VIHAR PHASE-1 EXTN DELHI-110091. MOB. NO.- 9891129444, EMAIL ID:- mahesh.1July@gmail.com
P2 SH. KISHAN CHAND SHARMA S/o LATE SH. MOOL CHAND SHARMA R/o FLAT NO. 243-B, POCKET 1, MAYUR VIHAR PH-1, DELHI-110091, MOB.- 9811641541, EMAIL ID:- kcs@kcssharma.in
P3 SMT. RANI SHARMA W/o SH. MAHESH KUMAR SHARMA R/o FLAT NO. 142, VIGYAPANLOK APARTMENTS, MAYUR VIHAR PHASE I EXTN DELHI-110091, MOB. NO.- 9911288999
P4 SMT. VEENA SHARMA W/o SH. KISHAN CHAND SHARMA R/o FLAT NO. 243-B, PKT 1, MAYUR VIHAR PH-1, DELHI-110091, MOB. NO.- 9811018222
**Petitioners**
**Verses**
R6 SAT NARAIN SHARMA S/O PT PRAHLAD SHARMA R/o 3-BA/14, JAWAHAR NAGAR, JAIPUR
R7 SH. SHYAM LAL KUMAWAT S/O LATE SHRI HEM RAJ KUMAWAT R/O SECTOR 11, HIRAN MAGRI, UDAIPUR
**Respondents**
PETITION UNDER SECTION 276 OF THE INDIAN SUCCESSION ACT, 1925 FOR THE GRANT OF PROBATE/LETTER OF ADMINISTRATION WITH COPY OF WILL DATED 17.6.2015 ANNEXED.
Notice is hereby given to the general public that any person having objection for Grant of Probate of Will dated 17.06.2015 of the deceased Smt. Savita Bhardwaj W/o Late Sh. Vishwa Nath Bharadwaj, in respect of the Flat No. 256-A Pocket-1 Mayur Vihar, Phase-1, Delhi-110091.
Whereas the 05/06/2025 at 10'0 clock in the forenoon has been fixed for hearing of the case, notice is hereby given that person having any interest in the administration of the concerned may if he/she desire appear in this Court of the said 05/06/2025 and see the proceedings.
Given under my hand the seal of this court on this 26/03/2025.
**District Judge - 01**
**East, KKD, DELHI**